## एक नजर में

### सोनू गर्ग बने अग्रवाल महासभा के जिला संगठन मंत्री



**मुरैना/जौरा, 3 जून।** युवा समाजसेवी सोनू आशीष गर्ग को जिला अग्रवाल महासभा का जिला संगठन मंत्री मनोनीत किया गया है। जिला अग्रवाल महासभा के अध्यक्ष रमेशचंद्र गर्ग, अध्यक्ष गोपाल गुप्ता एवं महामंत्री शिवकुमार गर्ग ने नियुक्ति की घोषणा की है। नियुक्ति पर सोनू आशीष गर्ग ने संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया है, वहीं महासभा के पदाधिकारियों सहित समाजबंधुओं ने उन्हें बधाई दीं है।

### फायरिंग के केस में फरार 3 आरोपी पकड़े, कट्टा-राउण्ड जब्त

**मुरैना।** पोरसा पुलिस ने फायरिंग की धाराओं में दर्ज अपराध क्रं. 124/26 में नामजद तीन आरोपियों को बुधवार को दबोच लिया। पुलिस ने बायपास रोड पर श्रीराम कॉलेज के पास से उन्हें पकड़ा। जिनमें अनुज उर्फ बच्चा पुत्र विजय बहादुर तोमर नि. पोरसा, श्याम पुत्र राजेश शर्मा नि. पोरसा और विष्णु तोमर पुत्र बृजमोहन तोमर नि. अटेर रोड पोरसा शामिल है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 315 बोर का कट्टा और एक जिंदा राउण्ड सहित मोटरसाईकिल जब्त की है। गिरफ्तार करने वाली टीम में निरीक्षक दिनेश सिंह कुशवाह और पोरसा थाने का फोर्स शामिल था।



### युवक हत्या की कोशिश के मामले में नाबालिग समेत 2 गिरफ्तार

**मुरैना।** अंबाह थाना क्षेत्र में विगत 30 मई को सोनू उर्फ रविन्द्र तोमर पुत्र सीताराम तोमर नि. रूअर को गोली मारकर हत्या की कोशिश किए जाने की घटना हुई थी। पुलिस ने हत्या के प्रयास की धाराओं में अपराध दर्ज किया था। इस केस में पुलिस ने 3 जून को मुख्य आरोपी छोटू उर्फ अभिषेक तोमर पुत्र रामपाल तोमर नि. रूअर और एक नाबालिग को उसैद रोड पर रछेड़ तिराहे के पास से दबोच लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से एक पिस्टल और एक जिंदा राउण्ड जब्त किए है। पुलिस ने बताया कि आरोपी छोटू उर्फ अभिषेक के विरुद्ध अंबाह थाने में विभिन्न संगीन धाराओं के तहत कुल 6 प्रकरण पंजीबद्ध है। कार्रवाई में निरीक्षक वीरेश कुशवाह और उनकी टीम शामिल थी।



### बिजली चोरों पर सख्ती, 1 दिन में 302 पकड़े, 50 लाख की बिलिंग

**मुरैन।**, मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने बिजली चोरी और अनियमितताओं के खिलाफचलाए गए विशेष अभियान में बड़ी कार्रवाई करते हुए 2 जून को एक ही दिन में 302 प्रकरण दर्ज किए हैं। जांच के बाद संबंधित उपभोक्ताओं पर 50 लाख रुपये से अधिक की राशि की बिलिंग की गई है। सतर्कता, ओ एंड एम और बीआई सेल की संयुक्त टीमों ने जिलेभर में सघन जांच अभियान चलाया। इस दौरान विद्युत अधिनियम की धारा 135 के तहत 245 मामलों में बिजली चोरी पाए जाने पर पंचनामा तैयार किया गया। इसके अलावा धारा 126 के तहत 7, धारा 138 के तहत 17 और अन्य श्रेणी के 33 प्रकरण दर्ज किए गए। संभागवार कार्रवाई में सबलगढ़ संभाग में सबसे अधिक 103 मामले सामने आए। वहीं अंबाह में 82, मुरैना-1 में 67 और मुरैना-2 में 50 प्रकरण दर्ज किए गए।

### खेड़ा मेवदा में डंप 20 ट्रॉली चंबल का रेत नष्ट कराया

**मुरैना।** चंबल नदी की रेत के उत्खनन, परिवहन और भंडारण को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत माताबसैया थाना पुलिस ने बुधवार को खेड़ा मेवदा गांव में कार्रवाई की। पुलिस को गांव में अलग-अलग जगहों पर 20 ट्रॉली चंबल का रेत भंडारित मिला। जिसे टीम ने जेसीबी मशीन की मदद से मिट्टी में मिलाकर नष्ट कराया। नष्ट कराए गए रेत का बाजारू मूल्य 44 हजार रूपये बताया गया है। कार्रवाई माताबसैया थाना प्रभारी एसआई विवेक सिंह तोमर और उनकी टीम ने की।



### रामपुरकलां से चोरी हुई 4 भैंस बेरखेड़ा के जंगल से बरामद

**मुरैना।** रामपुरकलां क्षेत्र के छापर गांव से 29-30 मई की दरम्यानी रात को अज्ञात बदमाश नरेन्द्र यादव पुत्र बटोई यादव की 4 लाख कीमती चार भैंसों को चुराकर ले गए थे। घटना के बाद से ही पुलिस बदमाशों के साथ भैंसों की तलाश में लगी थी। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने 2 जून को बेरखेड़ा-झीनिया गांव के जंगलों से चुराई गईं 4 भैंसों को बरामद कर लिया। हालांकि बदमाश पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ सके। कार्रवाई में थाना प्रभारी एएसआई रामकुमार वर्मा, प्र.आर. संतोष बाथम, लक्ष्मीनारायण, आर. प्रहलाद सिंह, मानवेन्द्र, रजनेश यादव, समीर, हरेन्द्र, हरिकिशोर शामिल थे।





### चंबल नदी की रेत से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़े, ड्राईवर फरार

**मुरैना।** सबलगढ़ पुलिस ने बुधवार को वाहन चैकिंग के दौरान चंबल नदी की रेत से भरे एक ट्रेक्टर-ट्रॉली को पकड़ा। हालांकि ड्राईवर भाग निकला। जानकारी के अनुसार हबुआपुरा घाट पर पुलिस चैकिंग को देखकर ड्राईवर ने रेत से भरे ट्रेक्टर-ट्रॉली को दौड़ाना शुरू कर दिया। पुलिस के पीछा करने पर ड्राईवर ने प्रेशर जेक के माध्यम से रेत का सड़क पर गिराना शुरू कर दिया। लगातार पुलिस टीम के पीछा करने पर ड्राईवर हबुआपुरा गांव के रास्ते में ट्रेक्टर-ट्रॉली को छोड़कर भाग निकला। जिसे पुलिस जब्त कर थाने ले आई। अज्ञात ड्राईवर के विरुद्ध पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध किया है। कार्रवाई में निरीक्षक राजकुमारी परमार और सबलगढ़ थाने का पुलिस बल शामिल था।

### आज केरल में गूंजेगी गांधीवादी राजू भाई-महेश मिश्र की आवाज

**मुरैना/जौरा।** केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम में आज 4 जून को लोकतंत्र, मानवाधिकार और गांधीवादी चिंतन पर आधारित राष्ट्रीय समारोह आयोजित होगा। वरिष्ठ पत्रकार बीआरपी भास्कर और गांधीवादी चिंतक डॉ. एसएन सुब्बाराव की स्मृति में होने वाले इस कार्यक्रम में जौरा के गांधीवादी नेता डॉ. पीवी राजगोपाल (राजू भाई) और पूर्व विधायक महेश मिश्र विशेष वक्ता के रूप में शामिल होंगे। गांधी भवन, थायकॉड में आयोजित कार्यक्रम में केरल विधानसभा अध्यक्ष थिरुवंचूर राधाकृष्णन स्मारक व्याख्यान देंगे, जबकि गृह एवं सतर्कता मंत्री रमेश चेन्निथला पुस्तक विमोचन और सम्मान वितरण करेंगे।

# महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का हल्लाबोल, रैली निकाली

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 3 जून।** लगातार बढ़ती महंगाई के विरोध में पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के तत्वावधान में बुधवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शहर में रैली निकालकर प्रदर्शन किया और राज्यपाल के नाम प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। रैली शहर के मारकंडेश्वर मंदिर से प्रारंभ हुई।

**पेट्रोलियम पदार्थों में मूल्यवृद्धि को वापस लेने की मांग**



प्रदर्शनकारी मुख्य बाजारों से होते हुए पुरानी कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां प्रदर्शन करने के बाद डिप्टी कलेक्टर उमेश अवस्थी को ज्ञापन दिया। प्रदर्शन का नेतृत्व पिछड़ा वर्ग कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश राठौर ने किया।

ज्ञापन में कांग्रेस की ओर से कहा गया है कि डीजल, पेट्रोल, सीएनजी, एलपीजी गैस सहित खाद्य सामग्री के लगातार बढ़ते दामों ने आम जनता का बजट बिगाड़ दिया है। किसान, मजदूर, कर्मचारी और मध्यमवर्गीय परिवार सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं।

ज्ञापन में पेट्रोल-डीजलख सीएनजी और रसोई गैस की कीमतों में कमी करने, आवश्यक वस्तुओं के दाम नियंत्रित करने, जमाखोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई तथा गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवारों को राहत पैकेज देने की मांग की गई। किसानों को कृषि कार्य के लिए डीजल पर विशेष अनुदान देने की भी मांग भी कांग्रेस ने की है। ज्ञापन में जिलाध्यक्ष श्री राठौर ने चेतावनी दी है कि यदि महंगाई पर शीघ्र नियंत्रण नहीं किया गया तो कांग्रेस जनता के हित में व्यापक जनआंदोलन करेगी।

**रैली, प्रदर्शन एवं ज्ञापन सौंपने वालों में यह रहे शामिल**

रैली, प्रदर्शन एवं ज्ञापन सौंपने वालों में कांग्रेस के शहर जिलाध्यक्ष गजेन्द्र जाटव, कार्यकारी जिलाध्यक्ष राजेन्द्र यादव, अशोक सिकरवार, कुलदीप यादव, हितकिशोर गुप्ता, भैय्यन खान मेवाती, अब्दुल रहमान अब्बासी, रामस्वरूप माहौर, शशि कैमौर, नजमा खान, आशा बेपुरिया, हरीराम पचौरिया, राजकुमार पाठक, मनीष उपाध्याय, गोपाल कौशल, रामचित्र महाना, प्रदीप रजक, रहीस खान, आनंद रजक, फतेह राठौर सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे।

## अधेड़ व्यक्ति ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**मुरैना, 3 जून।** माताबसैया थाना क्षेत्र के ग्राम रसीलपुर में मंगलवार की रात को एक अधेड़ व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार रसीलपुर गांव निवासी कल्यान जाटव 50 पुत्र पोखन जाटव मंगलवार की रात को जब अपने घर में था, तभी देर रात उसने अपने कमरे में रस्सी के सहारे फंदा बनाकर फांसी लगा ली। बुधवार की सुबह जब परिजन ने उसे फंदे पर झूलते हुए देखा तो चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

# आंगनबाड़ी कर्मचारी नियमित हों, 5 हजार प्रतिमाह पेंशन मिले

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 3 जून।** मप्र आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका संघ जिला शाखा मुरैना ने 10 सूत्रीय मांगों को लेकर बुधवार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में संगठन ने महिला एवं बाल विकास विभाग में कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को राज्य कर्मचारी का दर्जा देकर सभी शासकीय सुविधाएं प्रदान करने की मांग की है।

**10 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन**



सौंपे गए ज्ञापन में कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के लिए न्यूनतम 5 हजार रुपए मासिक पेंशन, सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष करने तथा सहायिकाओं और कार्यकर्ताओं के मानदेय में 50 प्रतिशत के अंतर को कम करने की मांग उठाई गई है।

संगठन की ओर से ज्ञापन में कर्मचारियों को सेवाकाल के दौरान मृत्यु होने पर परिजनों को अनुकंपा नियुक्ति और कम से कम 5 लाख रुपए की सहायता राशि देने की मांग भी की गई है। इसके अलावा सभी आंगनवाड़ी केंद्रों पर नियमित रूप से टेक होम राशन की आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा आयु सीमा का बंधन हटाकर पदोन्नति का अवसर देने की मांगों का उल्लेख भी ज्ञापन में किया गया है।

**ज्ञापन सौंपने वालों में यह रहे शामिल**

ज्ञापन देने वालों में मजदूर संघ के विभाग प्रमुख बृजराज डंडौतिया, जिलाध्यक्ष देवेन्द्र शर्मा, सुरेश शर्मा, आशाराम पाठक, डॉ. राघवेन्द्र तोमर, राहुल शर्मा, ललिता शर्मा, सुनीता गुर्जर, यशोदा, मंजू दीक्षित, ज्योति कदम, अंजू, विनीता, माया, किरण, लक्ष्मी, कविता, उमा, सौनी, रानी सहित बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका शामिल रहीं।

## 10 साल पुराने विद्युत चोरी के केस में दुकानदार को 2 वर्ष जेल

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 3 जून।** बिजली चोरी के 10 साल पुराने मामले में विशेष न्यायालय (विद्युत) अंबाह ने आरोपी सरताज खान को दोषी ठहराते हुए 2 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने आरोपी पर 2 लाख 21 हजार 176 रुपए की सिविल देयता राशि वसूलने के आदेश भी दिए हैं। मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की सतर्कता टीम ने 12 मई 2016 को अंबाह क्षेत्र में जांच के दौरान सरताज खान को अपनी व्यावसायिक दुकान में अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते हुए पकड़ा था। उसके खिलाफ विद्युत अधिनियम-2003 की धारा के तहत मामला दर्ज किया गया। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजी साक्ष्यों और गवाहों के बयान के आधार पर अदालत ने आरोपी को दोषी पाया। विशेष न्यायाधीश धीरेंद्र सिंह मंडलोई ने फैसला सुनाते हुए 2 साल जेल की सजा और राशि वसूली के आदेश जारी किए।

**अंबाह के विशेष न्यायालय का फैसला, 2.21 लाख वसूली के आदेश**

# सिंहस्थ 2028 : पुलिस का 6 दिनी विशेष प्रशिक्षण शुरू

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 3 जून।** सिंहस्थ महापर्व-2028 के सफल, सुरक्षित और सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर मुरैना पुलिस ने विशेष तैयारियां शुरू कर दी हैं। 1 जून से पुलिस लाइन मुरैना में 6 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया जा रहा है, जो आगामी 20 सप्ताह तक चरणबद्ध रूप से संचालित होगा।

- डीआईजी चंबल ने सामुदायिक पुलिसिंग पर दिया जोर
- प्रशिक्षण में 51 अधिकारी, कर्मचारी हुए शामिल



एसपी धर्मराज मीणा के निर्देशन में चल रहे इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मंगलवार को चंबल रेंज के डीआईजी सुनील कुमार जैन ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सामुदायिक पुलिसिंग विषय पर अधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए पुलिस एवं आमजन के बीच बेहतर समन्वय, जनसहभागिता और आपसी विश्वास को मजबूत बनाने पर जोर दिया। डीआईजी जैन ने कहा कि किसी भी बड़े आयोजन की सफ्लता केवल सुरक्षा व्यवस्था पर नहीं, बल्कि पुलिस और जनता के बीच स्थापित विश्वासए सहयोग और संवाद पर भी निर्भर करती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे ड्यूटी के दौरान श्रद्धालुओं के प्रति संवेदनशील, सहानुभूतिपूर्ण और मित्रवत व्यवहार अपनाएं, ताकि देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को सकारात्मक और सुरक्षित वातावरण मिल सके। प्रशिक्षण सत्र में एडिशनल एसपी सुरेंद्रपाल सिंह डाबर, एसडीओपी बामौर अनिल कुमार, रक्षित निरीक्षक रविकांत शुक्ला, सूबेदार गजेंद्र सिंह परिहार सहित कुल 61 पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सब्जी विक्रेताओं को कम कीमत पर मिलें चबूतरा-दुकानें

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/कैलारस, 3 जून।** नगर के बस स्टैंड के पास विकसित की जा रही सब्जी मंडी में खेरीज एवं थोक सब्जी विक्रेताओं को कम कीमत पर चबूतरे और दुकानें उपलब्ध कराने की मांग माकपा नेताओं ने उठाई है।

**माकपा नेताओं ने रखी मांगें, सुविधाएं विकसित करने की मांग**

इस संबंध में बुधवार को आयोजित बैठक में पूर्व नपा अध्यक्ष अशोक तिवारी और पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने विक्रेताओं की समस्याओं को प्रमुखता से रखा। नेताओं ने कहा कि वर्तमान में जिन चबूतरों का निर्माण किया गया है, उनका साइज अपेक्षाकृत छोटा है, जबकि प्रति चबूतरा कीमत 2.35 लाख रुपए निर्धारित की गई है, जो छोटे व्यापारियों के लिए काफी अधिक है। उन्होंने मांग की कि कीमत कम की जाए और चबूतरों के बीच आवागमन के लिए पर्याप्त रास्ता छोड़ा जाए। बैठक में सुझाव दिया गया कि बस स्टैंड के पीछे स्थित रिक्त भूमि पर थोक सब्जी विक्रेताओं के लिए बड़ी दुकानों का निर्माण कर उन्हें आवंटित किया जाए। शेष भूमि पर अतिरिक्त चबूतरे बनाए जाएं। सब्जी मंडी परिसर में सुलभ कॉम्प्लेक्स, वाहन पार्किंग, बिजली और पेयजल की व्यवस्था भी सुनिश्चित करने की मांग की गई। बैठक को पूर्व नपा अध्यक्ष रमेश कुशवाह, मुन्नालाल कुशवाह, युसुफ अंसारी, इब्राहिम शाह आदि सब्जी विक्रेताओं ने संबोधित किया।



# शहीद बिस्मिल जयंती 11 को तैयारियों को लेकर बैठक कल

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 3 जून।** अमर शहीद पं. रामप्रसाद बिस्मिल की 129वीं जयंती 11 जून को मनाई जाएगी। जयंती पर कार्यक्रम के आयोजन की तैयारियों के सिलसिले में बिस्मिल फाउंडेशन की महत्वपूर्ण बैठक कल 5 जून को सुबह 11 बजे पुरानी हाऊसिंग बोर्ड स्थित कार्यालय पर आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता संस्थान के अध्यक्ष डॉ. नरेश सिंह सिकरवार करेंगे। बैठक में 11 जून को आयोजित होने वाले जयंती समारोह की रूपरेखा, विभिन्न कार्यक्रमों की कार्ययोजना, जिम्मेदारियों का निर्धारण तथा जनसंपर्क अभियान पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। विद्यार्थियों और युवाओं की अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित करने तथा राष्ट्रभक्ति और सामाजिक चेतना से जुड़े कार्यक्रमों पर भी मंथन होगा। संस्थान ने सभी पदाधिकारियों, शिक्षाविद, समाजसेवियों, युवाओं और बिस्मिल के अनुयायियों से बैठक में शामिल होने का आव्हान किया है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत



**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 3 जून।** दिमनी थाना क्षेत्र में बुधवार की दोपहर एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दंपत्ति को टक्कर मार दी। हादसे में पति जख्मी हुआ है, जबकि पत्नी की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार दिमनी क्षेत्र के ग्राम रायपुर गढ़िया निवासी राजेन्द्र सिंह तोमर बुधवार को पत्नी लक्ष्मी तोमर (35) के साथ मुरैना शहर से बाइक पर सवार होकर अपने गांव जा रहे थे। इसी दौरान जब वे बरेथा गांव के रास्ते से होकर गुजर रहे थे, तभी अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे दोनों जख्मी हो गए। घायल अवस्था में दोनों को जिला अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने महिला लक्ष्मी तोमर को मृत घोषित कर दिया। खबर लिखे जाने तक पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया था।

**दिमनी क्षेत्र में बुधवार की दोपहर हुआ हादसा**

### गुढ़ा आसन पंचायत सचिव तत्काल प्रभाव से निलंबित

**मुरैना, 3 जून।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना मनरेगा अंतर्गत ग्राम पंचायत गुढ़ा आसन जनपद पंचायत जौरा में संचालित निर्माण कार्यों एवं सामग्री मद में वित्तीय अनियमितता पाए जाने पर जिला पंचायत सीईओ कमलेश कुमार भार्गव द्वारा ग्राम पंचायत सचिव रामप्रकाश जाटव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।


**कार्यालय,म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल संभाग मुरैना**

क्रमांक-1767...मुरैना

दिनांक-02/06/2026

**सार्वजनिक सूचना**

म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल द्वारा निर्मित भवन क्रं. सीनियर एमआईजी 800 पुरानी हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी जौराखुर्द मुरैना जो कि एम.एम. सिंह तोमर पुत्र श्री जुगराज सिंह तोमर को आवंटित किया गया था। इनकी मृत्यु उपरांत नामांकित व्यक्ति स्व. श्री विनोद सिंह व राजकुमार सिंह तोमर था। जिसमें से श्री विनोद कुमार सिंह की मृत्यु हो चुकी है। उनके स्थान पर उनकी पत्नी श्रीमती शिखा सिंह तोमर पत्नी स्व. श्री विनोद सिंह तोमर एवं श्री राजकुमार सिंह तोमर पुत्र श्री एम.एम. सिंह तोमर ने अपने नाम नामांतरण/ हस्तांतरण बावत आवेदन किया है. जो कि इस कार्यालय में विचाराधीन है इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस बावत प्रतिवेदन इस कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति लिखित में प्रस्तुत करें, निर्धारित समयावधि व्यतीत होने के उपरांत कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल के नियमानुसार भवन/भूखण्ड हस्तांतरण/ नामांतरण की कार्यवाही की जा सकेगी.

**सम्पदा प्रबंधक**

**म.प्र.गृ.नि.एवं अधो. विकास मण्डल संभाग-मुरैना म.प्र.**


# भाजपा सिर्फ जनता को बांटना और राज करना जानती है : जसविंदर सिंह

**नवभारत न्यूज**

**सबलगढ़, 3 जून।** भाजपा सिर्फ जनता की भावनाओं को भड़का कर साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण कर सत्ता हथियाने की साजिशें करना जानती है परिस्थितियों के अनुसार वह अवसरवादी रुख अपनाती है गाय को लेकर भी भाजपा दोगली और दोमुहीं नीति पर चल रही है

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव जसविंदर सिंह ने सबलगढ़ के गांव कैमपुरा में आमसभा को सम्बोधित करते हुए यह बात कही प्रदेश में आवारा पशुओं की बात करते हुए माकपा नेता ने कहा कि देश में दस राज्यों में गाय को काटना प्रतिबंधित नहीं है गोवा में भाजपा की सरकार है गाय को काटना प्रतिबंधित नहीं है असम में भाजपा की सरकार है वहां मंदिर के पास या हिन्दू बहुल क्षेत्रों को छोड़ कर गाय को काटने का प्रावधान भाजपा सरकार ने किया है बंगाल में भाजपा सरकार ने आदेश दिया है कि 14 साल से ऊपर की गाय और बैल काटे जा सकते हैं मगर वही भाजपा मध्यप्रदेश में गौरक्षा के नाम पर गुंडों की फौज खड़ी कर आवारा पशुओं का संकट खड़ा कर किसानों और किसानी के लिए समस्या पैदा कर रही है

सभा को पार्टी जिला सचिव एडवोकेट मुरारी लाल धाकड़ और जिला समिति सदस्य इजराइल खान ने भी सम्बोधित किया कार्यक्रम में अनिल कटारे अंगद मातादीन बनवारी लाल किरोई श्रीपत श्रीमती बगुली बाई आदि पार्टी कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे और पार्टी के अभियान को सफल बनाने की अपील की ।



### चैकिंग अभियान में विद्युत चोरी करते 14 उपभोक्ता पकड़े

**मुरैना/जौरा, 3 जून।** विद्युत विभाग ने बुधवार को जेल रोड, संजय नगर और भगत सिंह कॉलोनी क्षेत्र में आकस्मिक चेकिंग अभियान चलाकर 14 उपभोक्ताओं को बिजली चोरी करते पकड़ा। सभी के खिलाफविद्युत चोरी के प्रकरण दर्ज किए गए। कनिष्ठ यंत्री मुकेश मिश्रा के नेतृत्व में चली कार्रवाई के दौरान लंबे समय से बिजली बिल जमा नहीं करने वाले 15 उपभोक्ताओं के कनेक्शन भी काटे गए। विभाग ने बताया कि इन उपभोक्ताओं को समाधान योजना सहित विभिन्न माध्यमों से पहले ही कई अवसर दिए जा चुके थे। सहायक यंत्री पीएस यादव और कनिष्ठ यंत्री मुकेश मिश्रा ने उपभोक्ताओं से स्मार्ट मीटर लगवाने में सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि स्मार्ट मीटर अधिक रीडिंग नहीं देता, इसे लेकर फैली भ्रांतियों पर ध्यान न दें।

